PRESS RELEASE

राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी ने महिला के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बनाने का आदेश दिया

अयोध्या | 8 अप्रैल, 2025: महिलाओं से जुड़ी शिकायतों की त्वरित सुनवाई और राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा शुरु किए गए 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' महिला जनसुनवाई अभियान के अन्तर्गत आज राष्ट्रीय महिला आयोग की माननीय अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने अयोध्या में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया। माननीय अध्यक्ष ने महिलाओं की परिवेदनाओं को तसल्ली से सुना और तत्काल राहत प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वारा महिला जनसुनवाई के दौरान राष्ट्रीय महिला आयोग के अधिकारिगण, पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजकरन नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी श्री कृष्ण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। माननीय अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर ने कहा कि आयोग उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए सदैव प्रयासरत है। श्रीमती विजया रहाटकर ने अनेक महिलाओं को त्वरित समाधान हेतू उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस दौरान एक महिला ने आयोग के समक्ष अपने महत्वपूर्ण दस्तावेजों को समय पर बनाए जाने के लिए आग्रह किया, श्रीमती विजया रहाटकर के निर्देश पर जिलाधिकारी ने महिला के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को बनाने का आदेश दिया।

श्रीमती विजया रहाटकर ने महिला परामर्श केंद्रों के महत्व पर भी बल दिया और अधिकारियों को पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की काउंसलिंग की सलाह दी। जनसुनवाई के दौरान करीब 55 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें अधिकांश मामले पति-पत्नी या पारिवारिक विवादों से जुड़े थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए और उन्हें त्वरित राहत दी जाए। इस दौरान आयोग को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों का उचित सहयोग मिला।

For More Information, you may contact:

Shri Shivam Garg
Media Advisor
National Commission for Women
+91- 8130375035